## खबर संक्षेप

### धूमधाम के साथ मनाया गया बाबा फरीद का जन्मदिन





**सिंगोड़ी:** सुप्रसिद्ध सूफी संत पीरे तरीकत अलहाज सैयद बाबा फरीदुद्दीन शाह मिस्किनी रहमतुल्लाह अलैह के अनुयायियों के द्वारा फरीदनगर में बाबा फरीदुद्दीन मिस्किनी रहमतुल्लाह आलेह का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर बाबा के चाहने वाले सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे तो वही रात्रि में फरीदनगर कमेटी द्वारा हुसैनी लंगर का एहतमाम किया गया जिसमें आसपास गांव सहित सिंगोड़ी के समस्त मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित हुए और भंडारा लंगर ग्रहण किया।

### दमुआ को पूर्ण तहसील बनाने विधायक उइके को सौंपा ज्ञापन



**दमुआ।** दमुआ के आसपास के क्षेत्रो के लोगो द्वारा दमुआ को पूर्ण तहसील जनपद एव विकासखण्ड बनाने की मांग कर रहे है इसी क्रम मे व्यापारी मण्डल दमुआ के द्वारा क्षेत्रीय विधायक सुनील उइके को ज्ञापन सौपते हुए दमुआ को पूर्ण तहसील बनाने की मांग की गई तथा अवगत कराया गया कि आगामी विधान सभा सत्र प्रारम्भ होने वाला जिसमें विधायक को अवगत कराते हुए कहा गया दमुआ को पूर्ण तहसील का दर्जा दिलाने हेतु विधान सभा में मुद्दा उठाने हेतु निवेदन किया गया है ताकि दमुआ को पूर्ण तहसील का दर्जा प्राप्त हो सके।

### जनजातीय विभाग के ठेकेदारों को मिली खुली छूट का नतीजा है अधूरे कॉलम खड़े करना

# निर्माण कार्यों में मापदंड के विपरीत भरे जा रहे हैं कॉलम, गुणवत्ता हो रही प्रभावित







हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर

छिंदवाड़ा जिले के जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय के माध्यम से आदिवासी ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र छात्रों की बेहतर शिक्षा के लिए स्कूल छात्रावास बालक छात्रावास एवं शाला मरम्मत सहित निर्माण कार्य जनजाति विभाग कार्यालय से ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से ठेका दिया जाता है, लेकिन इस ठेका पद्धति में अचरज करने वाली बात यह है कि जितने भी ठेके सहायक आयुक्त कार्यालय से ऑनलाइन पद्धति से होते हैं। इन निर्माण कार्य का ठेका उन्ही ठेकेदारों को मिल रहा है जो सहायक आयुक्त कार्यालय के चहेते हो चाहे पद्धति कोई भी हो। ऐसे ठेकेदार सिर्फ छिंदवाड़ा जिले एवं सहायक आयुक्त कार्यालय की तकनीकी अमले की मदद से ठेका प्राप्त करने वाले ठेकेदार तामिया विकासखंड शिक्षा क्षेत्र में स्कूल छात्रावास बाउंड्रीवॉल के ठेके हुए हैं, साथ ही भरी बरसात में छात्रावास स्कूल में मरम्मत भी अवैध कमाई के लिए छात्रावास अधीक्षकों से करवाने के लिए राशि आवंटित कर अघोषित ठेकेदार से निर्माण करवा कर निर्माण के नाम पर जमकर धांधली ऑनलाइन के दौर में भी चेक से भुगतान कर की जा रही है। वहीं चल रहे निर्माण कार्यों में ठेकेदार उपयंत्री के संरक्षण में जो निर्माण किये जा रहे हैं, उसमें ठेकेदारों ने नया फर्जीवाड़ा करने का फार्मूला इजाद किया है, जिसमें मापदंड के विरुद्ध कम गहराई के कालम के गड्ढे खोदकर एक मीटर से भी कम खोदकर कॉलम खड़े कर रहे हैं। इस तरह तामिया में ठेकेदार अधिकारियों के मिली भगत से प्रति कालम में एक क्यूबिक मीटर से अधिक लोहा खुदाई कालम की मिट्टी भरवाई में प्रति कालम 5 से 70 हजार रूपये फाउंडेशन में कमा रहे हैं। यदि 100 कालम निर्माण में अकेले लगभग 70 लाख रुपया फर्जी मूल्यांकन के माध्यम से कमाई कर रहे हैं जिससे बनने वाले भवन की गुणवत्ता पूर्णतः प्रभावित हो रही है। इसको पूरी तरह उप यंत्री अनुविभागीय अधिकारी जनजाति विभाग नजर अंदाज किए हैं। इस तरह तामिया में चल रहे निर्माण कार्यों में अगर समय रहते गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिए गया तो भवन अपनी गुणवत्ता खोकर जब बनेगा तो निश्चित ही उसका परिणाम आदिवासी छात्र-छात्राओं को भविष्य में भुगतना पड़ेगा। तकनीकी जानकारी के अनुसार कोई भी भवन निर्माण किया जाता है तो उसकी नीब खुदाई के समय मिट्टी की गुणवत्ता देखी जाती है कि वह कालम की कितनी खुदाई कर भवन को मजबूती प्रदान करेगी, लेकिन यहां पर चल रहे निर्माण कार्यों में ऐसा कुछ भी नहीं देखने मिल रहा है जो कालम खड़े हैं, उनकी खुदाई मिट्टी की गुणवत्ता कालम खड़े करने में लगाए जाने वाला लोहा रेत गिट्टी उपयुक्त है कि नहीं इसकी जवाबदारी भी विभाग के तकनीक अधिकारी एवं कंसल्टेंसी की है। लेकिन जब सब ठेकेदार को संरक्षण देने में लगे हो तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होना निश्चित है जो इन दिनों जनजातीय विभाग द्वारा तामिया में चल रहे निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी एवं मापदंड के विपरीत कालम खड़े किये देखे जा सकते हैं। इस तरह प्रति कालम में 7000 फर्जी मूल्यांकन करवा कर ठेकेदार द्वारा कमाया जा रहा है और साथ में निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित की जा रही है। यदि समय रहते इस भ्रष्टाचार एवं कालम खुदाई में मापदंड के विपरीत ईन कामों की जांच होनी चाहिए।

### तकनीकी खामियों से जूझ रहे शिक्षक

# पहले दिन शिक्षकों की ई अटेंडेंस हुई फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

मध्यप्रदेश में एक जुलाई से अनिवार्य की गई ई - अटेंडेंस व्यवस्था पहले और दूसरे ही दिन तकनीकी खामियों का शिकार हो गई । छिंदवाड़ा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षक तय समय से पहले पहुंच गए , लेकिन शिक्षक एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर उपस्थिति दर्ज कराना मुश्किल हो गया । पोर्टल पर लगातार 'वेब पेज नॉट अवेलेबल' और 'नेटवर्क एरर' जैसे संदेश आते रहे । कुछ शिक्षकों ने किसी तरह ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज तो की, लेकिन उसका डेटा शिक्षा विभाग के सर्वर तक नहीं पहुंच सका। वहीं कई शिक्षकों को 'फेस रिकॉग्निशन तैयार किया जा रहा है, कृपया कैमरा की अनुमति दें' जैसे संदेशों का सामना करना पड़ा। वे मोबाइल को इधर-उधर घुमा कर लोकेशन सेट करने की कोशिश करते रहे लेकिन उपस्थिति सफल नहीं हो पाई । सिस्टम तैयार नहीं, निगरानी अधर में ई - अटेंडेंस की यह नई प्रणाली शिक्षक संगठनों के विरोध के बावजूद लागू की गई है । विभाग ने दावा किया था कि 23 से 30 जून के बीच सफल ट्रायल हो चुका है, लेकिन पहले ही दिन अधिकांश स्कूलों में शिक्षक तकनीकी दिक्कतों से जूझते रहे ।सबसे गंभीर बात यह रही , कि जिस मॉनिटरिंग सिस्टम से पूरे प्रदेश के शिक्षकों की उपस्थिति देखी जानी थी, वह भी तैयार नहीं था । कई शिक्षकों ने शिकायत की कि वे पोर्टल में उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं और जो कर भी पा रहे हैं । उनकी जानकारी सिस्टम में दिख नहीं रही है ।तकनीकी परीक्षण में रही खामियांइससे पहले जून माह में शिक्षक प्रशिक्षणों के दौरान 'सार्थक एप' के जरिए इसका अभ्यास कराया गया था, लेकिन उसी दौरान तकनीकी त्रुटियों के संकेत मिल चुके थे। बावजूद इसके , विभाग ने बिना पर्याप्त तकनीकी तैयारी के इसे प्रदेशभर में लागू कर दिया ।



### चिकित्सक दिवस पर राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** बुधवार को चिकित्सक दिवस के पावन अवसर पर राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ, छिंदवाड़ा द्वारा देव होटल में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उइके उपस्थित रहीं। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में पूर्व जिला आयुष अधिकारी डॉ. दिलीप खरे, डॉ. आर. के. जैन तथा वर्तमान जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रमिला यावतकर की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रमिला यावतकर द्वारा आयुष विभाग छिंदवाड़ा द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी गई तथा उनके माध्यम से जनमानस को हो रहे लाभों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ छिंदवाड़ा के जिलाध्यक्ष डॉ. राजा भैया सिंह ठाकुर, जिला सचिव डॉ. धर्मेंद्र मरावी सहित संघ के अनेक सदस्यगण जैसे डॉ. नितिन टेकरे, डॉ. किंशुक सोनी, डॉ. हरिप्रसाद सतनामी, डॉ. कनिका सिंह, डॉ. दर्शना इनवाती, डॉ. सोनिका मिश्रा, डॉ. नीरज विश्वकर्मा, डॉ. सौरभ सूर्यवंशी, डॉ. शुभम बोरकर, डॉ. रेनू सूर्यवंशी, डॉ. दुर्गेश उइके, डॉ. अंकुश साहू, डॉ. गौरव साहू, डॉ. शिवानी साहू, डॉ. आयशा मंसूरी, डॉ. रश्मि धुर्वे भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि सुश्री अनुसूईया उइके ने अपने उद्बोधन में चिकित्सा सेवा में आयुष चिकित्सकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका की सराहना की एवं इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में समर्पित कार्य कर रहे आयुष चिकित्सकों के सेवा भाव को सम्मानित करना और समाज में आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।



# सीएमएचओ पर भारी पड़ रहे छिंदवाडा के डॉक्टर

### पहले के बाद दूसरे दिव्यांग शिविर से भी नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पिछले महा में सिविल अस्पताल पांढुर्ना में ध्संपन्न हुए पहले दिव्यांग शिविर से गायब रहनेवाले छिंदवाडा के डॉक्टर्स आज दूसरे दिव्यांग शिविर में भी नदारद पाए गए। नरेश गोन्नाडे सीएमएचओ छिंदवाडा द्वारा पहले शिविर में गैरहाजिर रहने पर नोटिस दिए जाने के बाद भी यह डॉक्टर्स आज संपन्न दूसरे दिव्यांग शिविर में गैरहाजिर रहने से बाज नहीं आए। छिंदवाडा के डॉ. पूनम सिंह ठाकुर, डॉ. तपेश पौणिकर, स्वास्थ्यकर्मी अमित श्रीवास्तव एवं ओकप्रकाश बागडे द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का निरंतर उल्लंघन करने से जाहिर होता है कि कि छिंदवाडा के यह डॉक्टर्स सीएमएचओ पर भारी पडे रहे है और सीएमएचओ छिंदवाडा की लाचारी भी जगजाहिर हो चुकी है। आज स्थानीय अस्पताल में दिव्यांग शिविर आयोजित किया गया था। इस अस्पताल में यह दूसरा दिव्यांग शिविर था जिसमें कुल 27 मरीज आए। शासन ने दिव्यांगों को प्रमाणपत्र बनवाने छिंदवाडा चक्कर ना काटना पडे इसलिए पांढुर्ना सिविल अस्पताल में दिव्यांग शिविरों का आयोजन शुरू किया है। इस कडी में आज दूसरा दिव्यांग शिविर हुआ जिसमें छिंदवाडा की डॉ. पूनम सिंह ठाकुर, डॉ. तपेश पौणिकर, और स्वास्थ्यकर्मी अमित श्रीवास्तव एवं ओमप्रकाश बागडे, ड्यूटी लगाने की बावजूद गैरहाजिर रहे। इसके पूर्व पहले दिव्यांग शिविर में भी यह लोग ड्यूटी लगाए जाने पर भी उपस्थित नहीं हुए थे। हालांकि इन डॉक्टरों की अनुपस्थिति में स्थानीय डॉक्टरों ने मोर्चा संभाल लिया। लेकिन सीएमएचओ द्वारा दिव्यांग प्रमाणपत्र बनवाने हेतु विशेषज्ञता के आधार पर छिंदवाडा के इन डॉक्टरों की ड्यूटी लगाकर इन्हें आदेशित किया जाता है। लेकिन छिंदवाडा के डॉक्टर्स सीएमएचओ छिंदवाडा के आदेश पहले से ठेंगे पर रखते आ रहे है।

# जोन स्तरीय पुलिस खेल प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा पुलिस के जवानों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पुलिस खेल प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा पुलिस के जवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए। आरक्षक आशीष यादव 100 मीटर दौड़ – प्रथम स्थान 200 मीटर दौड़ – प्रथम स्थानलंबी कूद (Long Jump) – प्रथम स्थान ऊँची कूद (High Jump) – प्रथम स्थान प्रधान आरक्षक कैलाश वर्मा 400 मीटर दौड़ – द्वितीय स्थान 800 मीटर दौड़ – प्रथम स्थान 1500 मीटर दौड़ – प्रथम स्थान प्रधान आरक्षक राजेश 10 किलोमीटर दौड़ – द्वितीय स्थान इसके अतिरिक्त, छिंदवाड़ा पुलिस टीम ने क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय पांडे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित करने की घोषणा की गई। उज्जवल भविष्य की कामना की। इसमें टीम मैनेजर के रूप में उप निरीक्षक राम प्रकाश यादव द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। यह प्रदर्शन छिंदवाड़ा पुलिस के जवानों की शारीरिक दक्षता, अनुशासन और खेल भावना का परिचायक है।

# जनपद सभागार में कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक, संबंधित विभागों को दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नाग पंचमी के अवसर पर नागद्वारी मेले के श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है।इसी कड़ी में जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह द्वारा जनपद पंचायत जुन्नारदेव के सभागृह में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।जिन्हें मेले के दौरान उपस्थित जन समूह के लिए पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, साफ-सफाई, पुलिस व्यवस्था,परिवहन सुविधा सहित विभिन्न बिंदुओं पर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने विशेष रूप से कहा कि ₹श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से समय पर तैयारी पूर्ण करें।₹स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक उपचार केंद्र स्थापित करने, पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और जनपद पंचायत,नगर परिषद को साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने स्थानीय पुलिस विभाग के अधिकारियों को सुचारू यातायात व्यवस्था के दिशा निर्देश दिए। प्रशासन का लक्ष्य इस बार का नागद्वारी मेला पहले से बेहतर और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराना है। बैठक में मुख्य रुप से एसडीएम कामिनी ठाकुर ,सीईओ रश्मि चौहान, सीएमओ नेहा धर्वे, बीएमओ डॉक्टर सोनम यादव, नायब तहसीलदार राजीव नेमा, नायब तहसीलदार मोहित बोरकर, पुलिस थाना प्रभारी राकेश बघेल, जिला यातायात थाना प्रभारी राकेश तिवारी ,विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री राजेश धुर्वे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बीच मझधार में फंसी रेत चुराती ट्राली, प्रशासन दल पंचनामा बनाने की तैयारी में

# अफसर के पहुंचने पर ट्राली छोड़ ट्रैक्टर ले भागा चालक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

इन दिनों रेत चोरों पर प्रशासन की लगातार हो रही कार्रवाई का आज एक और नजारा देखने को मिला कि जब नायब तहसीलदार राजीव नेमा के नेतृत्व में प्रशासन का एक दल सुनहरी रेत को पैदा करने वाली कट्टा नदी पर जा पहुंचा। कट्टा नदी में एनजीटी के प्रावधान लागू हो जाने के बाद भी रेत का अवैध उत्खनन हो रहा था। गौरतलब है कि एनजीटी के प्रावधान लागू हो जाने के बाद भी इस तरह की गतिविधि का होना प्रशासन के लिए शर्मनाक था। प्रशासन के कट्टा नदी में पहुंचने के दौरान ही यहां एक ट्राली में रेत का उत्खनन हो रहा था। प्रशासन को अचानक आया देख कर ट्रैक्टर चालक ने ट्राली को छोड़कर ट्रैक्टर को भगा ले गया। बीच मझधार में ट्राली अभी भी फंसी हुई है।

प्रशासन की आंखों के सामने एनजीटी के प्रावधानों का हो रहा खुला उल्लंघन और रेत चोरी के इस मामले को लेकर अब प्रशासन इस ट्रॉली सहित भागे हुए ट्रैक्टर चालक और ट्रैक्टर पर कार्रवाई करने की तैयारी में है।

इसी बीच छिंदवाड़ा से जिला कलेक्टर के जुन्नारदेव पहुंचने की खबर मिलते ही नायाब तहसीलदार राजीव नेमा अपने दल के साथ फिलहाल जुन्नारदेव मुख्यालय लौट चुके हैं, लेकिन उन्होंने इस बात का भरोसा दिया है कि कट्टा नदी में पानी की धार कम होने के बाद इस ट्राली को जप्त कर पंचनामा की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रशासन की आंख के सामने से ट्रैक्टर को भगाने वाला चालक और ट्रैक्टर पर भी कार्रवाई अवश्य की जाएगी। जिससे एनजीटी के प्रावधान का डर इन रेत चोरों पर बना रहेगा। इधर सजग नागरिकों ने तेज बारिश के दौरान भी प्रशासन की इस सजगता की पूरी-पूरी प्रशंसा की है।

### शासकीय कॉलेज में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

**जुन्नारदेव।** नगर के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मनाया जा रहा है इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस 1 जुलाई को महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर महाविद्यालय स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एके टांडेकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो आरडी वाडिवा, कार्यक्रम संयोजक डॉ रश्मि नागवंशी, प्रो आरके चंदेल, डॉ एसके शेण्डे सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 YEAR
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A. M.C.U.
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
M.Sc. CS M.C.U.
DCA/PGDCA
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara
Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

## पानी, गंदगी, सफाई को लेकर वार्डवासी सालों से हो रहे परेशान

# महिलाओं ने नपा कार्यालय पहुंचकर दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

वार्ड नंबर 05 के किनारे के नाले कि सफाई एवं एवं पानी के निकासी कि नाली कि सफाई करने के संबंध मैं पूर्व बार कई बार नपा प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने के चलते वार्ड की महिलाओं ने बुधवार को नगर पालिका में पहुंचकर धरना देते हुए विरोध प्रदर्शन किया है। महिलाओं के द्वारा वार्ड 5 में नगर पालिका चुनाव के बाद में एक भी विकास कार्य नहीं होने और समस्याओं का समाधान नहीं करने को लेकर वार्ड पार्षद और नपा पर भी गंभीर आरोप लगाए है। नपा में पहुंची महिलाओं वार्ड वासियों ने बताया कि सावता वार्ड नंबर 05 से लगकर लेंडी नाला लगा हुवा है. जिसकी सफाई विगत 1 वर्ष से नहीं कि गयी है। नाले से बडे बडे सॉप, बिच्छु बाहर निकलकर आवेदकगणो के घरो में आ रहे है,मकानो के किनारे से पानी के निकासी कि नाली नगर पालिका द्वारा बनायी गयी है उसकी भी सफाई आज तक नहीं कि गयी है, नाली का गंदा पानी नलों में आ रहा हैवार्ड नंबर 05 का पार्षद के पास वार्ड के लोग कई बार शिकायत कर चुके है लेकिन वार्ड का पार्षद उक्त समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है,वार्ड में बस्ती से लगकर सार्वजनीक शौचालय बना है जिसकी भी साफ सफाई भी नियमित रूप से नहीं कि जाती है, वार्ड की समस्या को लेकर बार-बार पार्षद और नपा को अवगत कराने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। मजबूरी में विरोध प्रदर्शन पर वार्ड वासियों को उतरना पड़ रहा है। इस दौरान पार्षद योगीता बोडखे, पु न पा उपाध्यक्ष सुखमन बेंडे पु पार्षद किशोर बांगडे, विजय आमले, दिलीप यमदे, प्रमीला उइके,वंदना टेकाम, विलास टेकाम, प्रतिभा परतेती, मारोती धुर्वे आदि थे।

## डॉ शास्त्री का विभिन्न संस्थाओं ने किया सत्कार




**सौंसर।** बुधवार को नगर के गजानन मंगल भवन में म प्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ एवं एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।आयोजन के दौरान पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एन के शास्त्री,प्रदीप अंबडकर,सुरेश टेम्बे, भिकुलाल कारेमोरे,आदि का सेवानिवृत्ति पर आयोजन कमेटी की ओर से विधायक विजय चौरे, द्वारा सभी अधिकारीयो कर्मचारियों का सम्मान किया गया। समारोह में पूर्व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शरद बसोड़, भाजपा प्रमुख राजेंद्र भक्ते पूर्व बीएमओ डॉ अशोक भगत,डॉ अलका जैन,संगीता जैन, डॉ रूपेश बोकडे, डॉ प्रफुल्ल भोयर उपस्थित थे।पूर्व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शास्त्री ने कहा कि मेरे द्वारा सौसर छिंदवाड़ा स्वास्थ्य विभाग में आम जनमानस की सेवा स्वास्थ्य सुविधाएं अधिकारी कर्मचारियों के लिए जो बन पड़ा मैंने वह करने का प्रयास किया है। समय-समय पर मुझे छिंदवाड़ा स्वास्थ्य विभाग और सौसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता का भी बहुत साथ सहयोग मिला है जिसके लिए मैं सभी का दिल से आभारी हूं। आयोजन के दौरान डॉ अशोक भगत,पत्रकार मुकेश बागड़े के द्वारा एडवोकेट वासुदेव राव नंदाबाई बागडे चैरिटेबल ट्रस्ट एवं तथागत धर्म प्रकल्प समिति की ओर से डॉ शास्त्री का शाल सम्मान चिन्ह देकर स्वागत किया गया।इस दौरान संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष,प्रफुल्ल ठाकरे, न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष सुनील वाहने उपाध्यक्ष साजिद खान, सचिव कैलाश सोमकुंवर,जिला मीडिया प्रवक्ता श्याम शर्मा , स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष नीलकंठ वीरखरे के द्वारा आयोजन की सफलता के लिए प्रयास किया।

# डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर्स को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

जन्म लेने से लेकर जीवन के अंत तक डॉक्टर हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं डॉक्टरो की समर्पित सेवा के बिना हम अपने जीवन की कल्पना ही नही कर सकते है डॉक्टर इस धरती पर भगवान का दूसरा रूप होते है। डॉक्टर्स डे पर लायंस सेवा समिति दमुआ ने डॉक्टर्स डे पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें डॉ.आर के विश्वकर्मा जी, डॉ.संजय भटकर जी, डॉ. मानव कवल जी ,डॉ. संदीप लोधी जी, डॉ. अवनी गुप्ता जी, डॉ सौरभ राज जी, डॉ. विशाल मेहरा जी, डॉ. रोहिल ओमन जी एवं शहर के अन्य चिकित्सक साथियों को माला ,शॉल, मिष्ठान व गौरव सम्मान चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष रविशंकर साहू ,कृष्ण भालेराव, कृष्णप्रसाद, कमलेश प्रसाद, यादव जी, दुर्गा सिंह राजपूत एवं राकेश खातरकर की विशेष उपस्थिति रही।

# मुहर्रम के मद्देनज़र शांति समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

आगामी 6 जुलाई को मुहर्रम के मद्देनजर परासिया थाने में शांति समिति की बैठक हुई । जिसमें त्यौहार को शांति पूर्ण मनाने की अपील की गई । साथ ही 6 जुलाई को कर्बला जाने वाले ताजिये , सवारियों के लिए ट्रैफिक व्यवस्था सरल बनाने को कहा गया ।बैठक में एस डी ओ पुलिस जितेंद्र सिंह जाट ने एक वाहन के साथ सिर्फ दो डी जे साउंड का उपयोग करने के निर्देश दिए । शाम 5 बजे थाने में हुई इस बैठक में एस डी एम पुष्पेंद्र निगम , तहसीलदार धर्मेंद्र चौकसे , नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी , थाना प्रभारी संतोष भलावी , नपं न्यूटन सी एम ओ राहुल कौरव, न पा परासिया के उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर , कांग्रेस नगर अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह , पार्षद रुक्मा बंसोड़ , प्रतिभा सोनी , कांग्रेस नेता अकबर खान , भाजपा नेता सुखनन्दन जावरे सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## अष्टान्हिका महापर्व का भव्य शुभारंभ आज से

**छिंदवाड़ा।** सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवक श्रावक - श्राविकाएं आज आषाढ़ शुक्ल अष्टमी गुरुवार 3 जुलाई से आगामी आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा गुरुवार 10 जुलाई तक विविध अनुष्ठानों के साथ अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका की मंगल आराधना करेगा। मंडल एवं फेडरेशन के तत्वावधान में आठ दिवसीय मंगल महोत्सव का भव्य शुभारंभ आज प्रातः 7 बजे अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री जिनबिंब प्रक्षालन से होगा पश्चात 7.15 बजे से श्री जिनेन्द्र पूजन, नंदीश्वर दीप पूजन कर श्री नंदेश्वर दीप बाबन पूजन विधान का शुभारंभ होगा, 9.30 बजे से स्वाध्याय भवन में गुरुदेवश्री के सीडी प्रवचन एवं 10.30 से संगोष्ठी होगी, रात्रि 7 बजे से बच्चों की पाठशाला एवं 8.30 बजे से शास्त्र स्वाध्याय होगा जो आगामी आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा गुरुवार 10 जुलाई तक नियमित रूप से चलेगा। विशेष आयोजन के अंतर्गत श्रावण वदि एकम शुक्रवार 11 जुलाई के शुभ दिन श्री वीर शासन जयंती महोत्सव मनाया जावेगा।

# 100 सीटों के लिए 258 छात्रों की हुई कॉउंसलिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

खिरसाडोह पालिटेक्निक कालेज में बुधवार को सभी ब्रांचों की कुल 100 सीटों के लिए कॉउंसलिंग के लिए आए । सभी कक्षा दसवीं के छात्रों को कॉउंसलिंग के लिए बुलाया गया था । कोनुसलिंग शाम 4 बजे से शुरू हुई । प्रभारी प्राचार्य श्री पाटिल ने बताया की छात्रों में अधिकांश मेरिट लिस्ट में हैं । उन्होंने देर रात तक कॉउंसलिंग चलने की संभावना जताई । यह भी बताया , कि आगामी 13 जुलाई को कक्षा 12 वीं के छात्रों के लिए कॉउंसलिंग की जाएगी । कॉउंसलिंग संपन्न कराने में शिलाराम अहिरवार का विशेष योगदान रहा ।

## कांग्रेस अनुसूचित जाति कोष्ठ की बैठक संपन्न



परासिया : 2 जुलाई 2025 दिन बुधवार को वार्ड नंबर 9 लहगडुआ में कांग्रेस अनुसूचित जाति महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष संतोषी गजभिये, नगर अध्यक्ष नेहा आम्रवंशी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष गुरूचरण खरे के मार्गदर्शन में एक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें संतोषी गजभिये द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण, महिलाओं को रोजगार , उनके जीवन उत्थान एवं विकास के बारे में जानकारी दी । इस अवसर पर मुख्य रूप से सीमा मण्डराह , किरण गजभिये , शर्मिला चैधरी , पुष्पा पहाड़े , ममता रावेल , ललिता बोनेकर , सुमन पहाड़े , सरिता गोनेकर , कंचना मिनोटे , पुष्पा पहाड़े , संगीता पहाड़े , अज्जू बघेल , पंचफुला रंगारे , ममता बिंझाड़े , दीक्षा डेहरिया , अंजना टांडेकर सहित सैंकड़ों महिलायें उपस्थित थे ।

## मोहोड़ बंधुओं ने की केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट



**सौंसर।** बुधवार को पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ने भोपाल में भारत सरकार के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुलाकात करते हुए सौसर क्षेत्र की समस्याओं के साथ संगठन को लेकर चर्चा की है। आत्मीय मुलाकात के दौरान भाजपा नेताओं के द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री श्री सिंह का स्वागत सत्कार किया, मुलाकात के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री को चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली में आगामी महीना में संपन्न होने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने का आमंत्रण भी दिया है। इस अवसर पर सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा, इंद्रचंद डागा आदि उपस्थित थे।

# पहली बारिश ने खोल दी भ्रष्टाचार की पोल ! करोड़ों की लागत के पुल मे हुआ छेद

### महाराष्ट्र ओर मध्य प्रदेश को जोड़ने सिंगोला ओर कारंजा के बीच सिंगोला नाले पर बने पुल का मामला

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जंप क्षेत्र लांजी के ग्राम सिंगोला ओर कारजा के बीच स्थित पुल जो दो राज्यों को जोड़ने का काम करता है, मानसून की पहली बारिश ने पुल निर्माण में भ्रष्टाचार की सच्चाई उजागर कर दी है। सिंगोला नाले पर बने नए पुल की लागत करोड़ों रुपए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री सेतु योजना से बने इस पुल की हालत मानसून की पहली ही बारिश में पतली हो गई और पुल में दरार पड़ने के साथ साथ वह दरकने भी लगेगा। यह पुल सिंगोला और कारँजा के बीच में महाराष्ट्र को जोड़ने के लिए सिंगोला नाला पर बनाया गया था। हाल ही में हुई लगातार बारिश के बाद पुल का एक हिस्सा और इसकी एप्रोच रोड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। वहीं, स्थानीय लोगों ने पुल निर्माण में गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया हैं। पुल का एक हिस्सा टूट गया है, जिससे इस पर से गुजरने वाले वाहन चालकों ओर राहगीरों में चिंता बढ़ गई है। इसके अलावा, अप्रोच सड़क में भी बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं, जो स्थानीय लोगों के लिए खतरा बन गई हैं। लोगों का कहना है कि निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है और पैसे का गलत इस्तेमाल हुआ है। यदि यह स्थिति बनी रही, तो जनता की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। अब स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से इस मामले की जांच की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी समस्याएं ना हों और निर्माण कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित हो। बता दें कि उक्त पुल का निर्माण परियोजना मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत सुंदरानी इंफ्रास्ट्रक्चर जबलपुर द्वारा निर्माण किया जा रहा था। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 7 करोड़ रुपये है।

### इनका कहना है

उक्त पुलिया निर्माण का कार्य सुंदरानी इंफ्रास्ट्रक्चर जबलपुर द्वारा किया गया है। जिनके द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गई है और बमुश्किल इस कार्य को किया गया है जिसे विभाग द्वारा अभी अपने क्षेत्राधिकार में नहीं लिया गया है। उक्त पुलिया की जिम्मेदारी पांच साल तक ठेकेदार के पास ही है, जैसा कि पुल में दरार ओर छेद होने की जानकारी मिली है जिस पर विभाग द्वारा ठेकेदार को तुरंत मरम्मत करने का आदेश दिया गया है और नोटिस जारी किया गया है।

**अर्जुन सिंह सनोडिया**
**एसडीओ**

# बिना मान्यता संचालित हो रहा लोटस स्कूल: जिला शिक्षा केंद्र ने जारी की विकासखंड कटंगी के 14 स्कूलों की सूची




**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की विकासखंड कटंगी में शिक्षा का अधिकार अधिनियम का खुला उल्लंघन कर लोटस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कटंगी नाम का प्राइवेट स्कूल संचालित हो रहा है. जिला शिक्षा केंद्र ने गत दिवस गैर मान्यता प्राप्त विकासखंड कटंगी के 14 स्कूलों की एक सूची जारी की है. इस सूची में लोटस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कटंगी का नाम भी शामिल है. इस स्कूल ने मान्यता नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया था जिस वजह से इसके पास मान्यता नहीं है. बावजूद इसके यह स्कूल सोमवार 01 जुलाई से विधिवत संचालित हो रहा है. जिस ओर शिक्षा विभाग के स्थानीय अधिकारियों का अब तक ध्यान नहीं है. जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक यह सुनिश्चित नहीं किया है जिन प्राइवेट स्कूलों के पास मान्यता नहीं है ऐसे स्कूल संचालित तो नहीं हो रहे. लोटस स्कूल के संचालक ने दावा किया है कि उन्होंने मान्यता के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन किया है. स्कूल संचालक के इस दावे की सच्चाई जानने के लिए हमने डीईओ से दूरभाष पर संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया. जिसके बाद उन्हें मैसेज किया गया लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिल पाया है. इधर, लोटस स्कूल के संचालक ने ना सिर्फ कटंगी में बल्कि सीताखोह में भी कथित तौर पर अपनी फर्जी ब्रांच खोल रखी है. जहां पर एक फर्जी ब्रांच डाइस कोड भी दर्ज है. स्कूल की यह ब्रांच एक घर में संचालित हो रही है. इस घर की महिला ने बताया कि उनका बेटा और बेटी स्कूल चला रहे है. स्कूल में करीब 70 से अधिक बच्चे अध्ययन कर रहे है. लोटस स्कूल के नाम से संचालित बिना मान्यता प्राप्त इन स्कूलों से छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है. यदि अभी समय रहते अधिकारियों ने उचित कार्रवाई नहीं की और बाद में कभी स्कूल को बंद करना पड़े, तो छात्रों को दूसरी स्कूल में जाना होगा, और उनकी पढ़ाई में रुकावट आ सकती है।

जिला शिक्षा केन्द्र ने जो गैर मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों की सूची जारी की है उसमें आदर्श शिशु मीडिया स्कूल सीताखोह, बालकृष्ण शिशु पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवेगांव, गायत्री आदर्श शिशु पूर्व माध्यमिक विद्यालय सांवगी, गीता देवी इंग्लिश एंड हिंदी मीडियम स्कूल सावंगी अतरी, हरि ओम सांई इंग्लिश स्कूल वरूड़, कृषक भारती हायर सेकेण्डरी स्कूल जराहमोहगांव, लोटस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कटंगी, प्रज्ञा शिशु मंदिर जराहमोहगांव, प्रज्ञादीप बाल निकेतन मीडिल स्कूल आंजनबिहरी, प्रतीक ज्ञानपीठ परसवाड़ाघाट, संगम विज्ञालय सेलवा, श्रीराम इंग्लिश मीडियम स्कूल सिंगोड़ी, चित्रगुप्त माध्यमिक शाला लिंगापौनार के पास मान्यता नहीं मिली है. इनमें कई स्कूल बंद हो चुके है. शून्य दर्ज संख्या होने के कारण कई स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया था और स्कूल बंद कर भी कर दिया किंतु लोटस स्कूल के संचालक

## 150 नपा कर्मचारियों को किया गया बरसाती का वितरण

**वारासिवनी।** बरसात का मौसम प्रारंभ होने के साथ ही नगरपालिका कर्मचारियों को नगर में विभिन्न कार्य करने में असुविधा का सामना करना पड़ता हैं। कर्मचारियों की इस परेशानियों को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा इन कर्मचारियों को बुधवार को बरसाती का वितरण किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे, पार्षदगणों व मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके द्वारा लगभग 150 कर्मचारियों को बरसाती वितरण किया गया। जिससे अब बरसात के मौसम में भी इन कर्मचारियों को अपने कार्य करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद अध्यक्ष सरिता दांदरे, पार्षदगण संदीप मिश्रा, योगेंद्र मोनू लिमजे, धर्मेंद्र जोशी, नगरपालिका अधिकारी सूर्य प्रकाश उके, उपयंत्री अंशिका चौहान एवं समस्त कर्मचारी स्टाफ उपस्थित रहे।

## लांजी के वार्ड क्रमांक 20 के चिचटोला बिसोनी का मामला

# बिजली हादसे से भयभीत ग्रामीणों ने 33 केवी और 11 केवी पर रोक लगाने की मांग



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी क्षेत्र के ग्राम सर्रा में 24 जून को बिजली करंट की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की जिंदा जलने से हुई मौत के बाद आसपास ग्रामीण बिजली के नाम से डरे सहमे है। ग्रामीणों ग्राम के उप सरपंच पवन कश्यप के नेतृत्व में मुख्य अभियंता, सहायक अभियंता और जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 20 चिचटोला रोड बिसोनी से बिजली विभाग 33 केवी व 11 केवी फिडर लाइन लगाने के लिए विद्युत पोल लगाने रखा जा रहा है। जिसका विरोध गांव के लोगों ने शुरू कर दिया है। वार्डवासियों ने बताया कि पूर्व से ही इस मार्ग पर 11 केवी ककोड़ी फिडर की लाइन लगी है। ये मार्ग बहुत ही सकरा है और रहवासी क्षेत्र है, जिसमें बहुत अधिक रहवासी मकाने बने है। इस रोड में उक्त फिडर लाइन से पूर्व में बहुत सी घटना घट चुकी है। जिसमें एक 8 वर्षीय बालिका की मृत्यु हो चुकी है। पुरानी लगी हुई लाइन के तार भी कई बार टूट चुके है, इस ओर बिजली विभाग का ध्यान नहीं है। जिससे ग्रामीणों को खतरा पहले से ही था, लेकिन अब वर्तमान में नवीन 33 केवी व 11 केवी फिडर लाइन लगाने से खतरा और भी बढ़ेगा। ग्रामीणों को और भी डर लगने लगा है कि हादसे और ना हो जाए। इस रास्ते से दर्जनों गांवों से भी अधिक लोगों का आना जाना लगा होता है। विद्युत लाइन के ठेकेदारों को इस मार्ग से फिडर लाइन न ले जाने के लिए कहा गया, लेकिन ठेकेदारों ने कहा कि उक्त फिडर लाइन के खंभों को खड़ा कर दिए है। मात्र यहां की लाइन के खंभे का कार्य शेष बचा है। अब खंभे दूसरे जगह लगाने में हमें दिक्कत होगी। यदि आपको शिकायत है तो विद्युत विभाग जाकर बात कर सकते है। जब विद्युत विभाग लांजी में जाकर इस संबंध में अधिकारियों से संपर्क किया तो उपस्थित अधिकारी ने कहा कि इसके अलावा उक्त फिडर की लाइन जाने का अन्य स्थान नहीं है और उक्त लाइन का सर्वे पूर्ण कर लिया गया है। उक्त फिडर लाइन उसी स्थान से जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में उपसरपंच पवन कश्यप, बी.आर ढोक, रावजी, गौरव मानकर, निखिल सिल्हारे,इस्तेपाक खान, नरेश सिराके, रविंद्र सोनवाने, मनोज सोनबिरसे, लखाराम जांबुरे, साजिद खान, शहीद खान, भाऊराव सोनवाने, सूरज प्रसाद स्वामी, अजय बाहे, हरीराम, विरेंद्र कुमरे, हरीराम कलपुरे, सहित अन्य ग्रामीण शामिल है।

### इनका कहना है

घरों के ऊपर से लाइन यदि ग्रामीण नहीं ले जाने दे रहे है तो यह अच्छी बात है। हम अधिकारियों के साथ बैठकर अन्यत्र स्थान से लाइन लेकर जाने चर्चा करेंगे। इससे घटना होने से भी बचेगी।

**राजकुमार कर्राहे, विधायक,**
**लांजी-किरनापुर**

## नागरिकों व अधिकारियों-कर्मचारियों को आने जाने में हो रही परेशानी

# क्षेत्र के राजा का तहसील कार्यालय परिसर कीचड़ से सरोबार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



बारिश की पहली बौछार के साथ ही वारासिवनी अनुविभाग के राजा एसडीएम व तहसीलदार का कार्यालय परिसर दलदल में तब्दील हो गया हैं। जिसके कारण इस कार्यालय में कार्य करने आने वाले कर्मचारियों-अधिकारियों सहित नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

**परिसर में तहसीलदार, एसडीएम, पंजीयक व स्टांप वेंडरों के हैं कार्यालय:** विदित हो कि तहसील कार्यालय परिसर में तहसीलदार, एसडीएम, पंजीयन कार्यालय, स्टांप वेंडरों का कमरा सहित अन्य कार्यालय कार्यरत हैं। जिसके लिए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को तहसील कार्यालय परिसर के मुख्य मार्ग से होकर ही अपने-अपने कार्यालयों में जाना पड़ता हैं। तहसील कार्यालय में जाने के लिए मुख्य सडक़ मार्ग से तहसील कार्यालय के दरवाजे तक पक्की सडक़ बनी हुई है। जो अब क्षतिग्रस्त होने लगी हैं। उसके अलावा तहसील कार्यालय का पूरा परिसर मुरुम मिट्टी का बना हुआ हैं।

**गंदे पानी के छींटों से नागरिकों हो रहे परेशान:** बरसात का मौसम प्रारंभ होते ही पहली बारिश के बाद ही तहसील कार्यालय का परिसर कीचड़ से सराबोर हो गया हैं। मुख्य सडक़ मार्ग से कार्यालय परिसर में प्रवेश करते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों व नागरिकों को गड्ढों में भरे हुए पानी व कीचड़ से होकर गुजरना होता हैं। जिससे कई बार वाहनों के गड्ढों व गंदे पानी से गुजरने से गंदे पानी की छींटे आने-जाने वालों पर उछल कर उनके कपड़ों को खराब कर देते हैं। इतना ही नहीं कई बार दो पहिया वाहन इन गड्ढों में भरे पानी युक्त कीचड़ में फिसलने से दुर्घटना के शिकार होने की आशंका बनी रहती है।

**जगह-जगह गड्ढों में भरा हुआ हैं पानी:** यहीं नहीं तहसील कार्यालय के पूरा परिसर मिट्टी व मुरुम का होने के कारण उसमें जगह-जगह बने हुए गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से कीचड़ हो गया हैं। जिससे गुजर कर जाना नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ हैं। सर्वाधिक परेशानी पैदल चलकर आने वाले नागरिको को उठानी पड़ रही हैं। जब वह मुख्य सडक़ से तहसील कार्यालय परिसर में प्रवेश करते हैं, तो उन्हें गड्ढों में भरे गंदे पानी को पार करने में और फिर उसके बाद परिसर के अन्य स्थानों पर भरे हुए गंदे पानी व कीचड़ को पार करके अपने गंतव्य तक पहुँचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।

**खबर संक्षेप**

### आशीष यादव का 24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा के लिए चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी के युवा वुशु खिलाड़ी आशीष यादव का हैदराबाद में होने वाली 24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा के लिए चयन हुआ है। इस कॉम्पिटीशन में वह मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 1 से 6 जुलाई तक गाचिबौवली स्टेडियम में होगी। वुशु कोच सोहन लाल सेन ने बताया कि आशीष ने जबलपुर में 2-3 मई को हुई राज्य स्तरीय वुशु स्पर्धा में यह उपलब्धि हासिल की। रानीताल इंडोर हॉल में हुई इस प्रतियोगिता में सिवनी के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। टीम ने 11 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 23 पदक जीते। कुंगफू सॉफ्ट वैपन्स स्पर्धा में किया शानदार प्रदर्शन आशीष यादव ने कुंगफू सॉफ्ट वैपन्स स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। वे देवास में भारतीय वुशु संघ की चयन स्पर्धा से भी चुने गए हैं। वर्तमान में वे सिवनी के श्री महावीर व्यायामशाला में ट्रेनिंग ले रहे हैं। आशीष के पिता सुखचंद यादव ने बताया कि वह बचपन से मेहनती है।

# शवदाह गृह की स्वीकृत राशि का नहीं हुआ उपयोग

## जनसुनवाई में अनेक बार शिकायत के बाद नहीं हुई कार्यवाही

**गोपालगंज ग्राम पंचायत में शव गृह के लिए स्वीकृत की गई 2.50 लाख रूपये की राशि का लंबा समय बीत जाने के बाद भी उपयोग ना होने को लेकर ग्राम राजकुमार बामनिया ने जन सुनवाई इस संबंध में शिकायत कर जांच की मांग की है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



उल्लेखनीय है कि कार्यालय कलेक्टर (पंचायत) जिला सिवनी के पत्र क्रमांक 3172/15 वीं वित्त/जिला पंचायत/2023 दिनांक 4 अक्टूबर 23 के अनुसार कार्यवाही वितरण में पारित आदेश गोपालगंज शवदाह गृह निर्माण कार्य हेतु 2,50,000/- रूपये प्राप्त होने उपरांत तथा शिकायतकर्ता द्वारा विगत दिनांक 17 जून को जनसुनवाई में आवेदन दिये जाने उपरांत आज दिनांक तक कोई कार्यवाही ना होने को लेकर पुनः शासन ध्यान इस ओर आकृष्ट किया है। गौरतलब है कि 15 वें वित्त आयोग के क्रियान्वयन हेतु दिये गये निर्देश के अनुसार जिला एवं जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में लिये गये निर्णय निर्माण कार्यों को अंतिम रूप दिये जाने के अनुकम में जिला स्तर पर कलेक्टर के अध्यक्षता में जिला कार्ययोजना समिति (डीपीसी) की बैठक दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को कलेक्टर सभा में आयोजित की गई।

बैठक में समिति को 15 वॉ वित्त योजना आयोग अंतर्गत जनपद पंचायत कुरई, घंसौर, केवलारी, छपारा, धनौरा, लखनादौन, सिवनी एवं जिला पंचायत सिवनी के निम्नलिखित कार्य प्रस्तावित किये गये जिसमे सीरियूत क्रमांक-23 जनपद पंचायत सिवनी के ग्राम पंचायत गोपालगंज कार्य का नाम शवदाह गृह निर्माण कार्य गोपालगंज हेतु 15 वॉ वित्त मद में स्वीकृत लागत राशि 250,000/- रूपये स्वीकृत किये गये है और लगभग 2 वर्ष होने के बाद भी आज दिनांक तक शवदाह गृह गोपालगंज की कायाकल्प जस की तस बनी होकर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं हुआ है। गोपालगंज शवदाह गृह खंडहर की भांति खड़ा है।

शासन द्वारा समय-समय पर दशा और दिशा सुधारने हेतु निर्णय लिये जाकर राशि आवंटित की जाती है लेकिन सरपंच सचिव मिलजुलकर उक्त राशि का बंदरबांट कर दस्तावेजों में निर्माण कार्य का होना दर्शाते हैं और जन सामान्य से वसूला गया टैक्स जो शासन निर्माण कार्य हेतु आवंटित करता है उक्त राशि का उपयोग निर्माण कार्य में ना कर पता नही किस कार्य में करते हैं जिन पर कार्यवाही ना होने से सरपंच सचिव के हौसले बुलंद हैं।

शासन तो समय-समय पर राशियों का आवंटन कर निर्माण कार्य हेतु आदेश एवं निर्माण राशि भेजता है लेकिन संबंधित संस्थायें/अधिकारी-कर्मचारी उसका सदुपयोग ना कर दुरूपयोग में लगी रहती है जिसकी सूक्ष्मतम रूप से जांच कराई जाकर संबंधितों के खिलाफ उचित कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा शिकायतकर्ता के साथ-साथ आमजन को है।



## मछली का परिवहन कर उत्तरप्रदेश भेजा जा रहा था, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

1 जुलाई मंगलवार की दोपहर यातायात थाना प्रभारी विजय बघेल के नेतृत्व में अधीनस्थ कर्मचारियों ने चैकिंग के दौरान छिंदवाड़ा रोड ब्रिज के नीचे पिकअप वाहन जो की वाहन में परिवर्तन कर चलाया जा रहा था, पर चलानी कार्यवाही की गई। वाहन क्रमांक यूपी 67 बीटी 1617 में मछली का परिवहन कर उत्तरप्रदेश भेजा जा रहा था। जांच में वाहन के अगले हिस्से में खतरनाक तरीके से लगे पाइप से दुर्घटना के दौरान लोगों के गंभीर रूप से हताहत होने की संभावना को देखते हुए वाहन मालिक पर पांच हजार रुपये का जुर्माना यातायात पुलिस द्वारा किया गया। वाहन में प्रतिबंधित अवधि में मछली परिवहन होने की जानकारी संज्ञान में आने पर पिकअप वाहन को आगे की कार्रवाई के लिए मत्स्य विभाग सिवनी की उपसंचालक मती हिमानी उईके के सुपुर्द कर दिया गया है। कार्रवाई में यातायात थाना प्रभारी के एएसआई प्यारे लाल परतेती इत्यादि शामिल रहे।

# बसपा का मध्य प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीति एवं अन्याय, अत्याचार के विरोध में ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज सिवनी । बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई सिवनी द्वारा 2 जुलाई को राज्यपाल महोदय से ज्ञापन के माध्यम से निम्नलिखित मांग की गई देवास जिला के खातेगांव तहसील के खीवनी ग्राम में रह रहे आदिवासी समुदाय के लोगों के मकान को वन विभाग द्वारा बिना कोई पूर्व सूचना के बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया है बसपा की मांग है ।पीड़ित आदिवासी समुदाय के लोगों को पक्का मकान एवं पट्टा बनाकर दिया जाए साथ ही एक,एक करोड़ रुपया छती पूर्ति राशि दी जाए गुना जिला के आरोन ग्राम के गेहूं खेड़ा में ब्रह्मदास अहिरवार शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता की दबंगों द्वारा हत्या करदी गई है एवं उसके बेटे सत्य अहिरवार के दोनों पैर तोड़ दिए गए है अपराधियों को फांसी एवं पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी साथ ही एक करोड़ रुपया छती पूर्ति राशि दी जाए 3 अस्पताल परिसर नरसिंहपुर में दिनांक 27/6/2025 को नर्सिंग की छात्रा कुमारी संध्या चौधरी की हत्या कर दी गई है अपराधी को फांसी एवं पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपया सहायता राशि दी जाए 4 गोंडवाना समय सिवनी के पत्रकार विवेक डहेरिया को जान से मारने की धमकी देने वाले लोगों को के ऊपर उचित कार्यवाही की जाए थाना छपारा के




ग्राम मरझोर में दिनांक 13/5/2025 को संतराम सैयाम की हत्या हो गई है जांच कर अपराधी को कड़ी सजा दी जाए जिला सिवनी के सहकारिता विभाग , सोसायटी में कुछ जगह तीन माह का राशन दिया जा रहा है किंतु कुछ जगह पर दो माह का राशन दिया जा रहा है जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए ।दशरथ डहेरिया गोंडी मोहल्ला डूंडा सिवनी निवासी के मकान के पीछे के दरवाजे से सटाकर विद्युत सफलाई केंद्र बनाया जा रहा है रोका जाए । ग्राम जाम तहसील सिवनी के वार्ड क्रमांक 10 में सड़क में गड्ढे होने के कारण पानी भर रहा है शीघ्र ठीक कराकर एवं पीड़ित लोगों को न्याय एवं राहत दिलाने की मांग बसपा द्वारा की गई है ज्ञापन उमाकांत बंदेवार जॉन प्रभारी बसपा, के नेतृत्व में दी गई उपस्थित रहे लालसिंह नंदौरे जिला अध्यक्ष, एड सतीश यादव जिला उपाध्यक्ष आर टी भगत बी एल कुमरे बसपा नेता ,प्रेमचंद साहू जिला सचिव, रामभवन डहेरिया जिला कोषाध्यक्ष रवि मेश्राम प्रभारी सिवनी विजय धुर्वे प्रभारी सिवनी कैलाश डहेरिया प्रभारी केवलारी, छब्बीलाल कमलेशिया उपाध्यक्ष लखनादौन, जयकुमार डहेरिया अध्यक्ष सिवनी, बीपत राम दादरे,अशोक गढ़वाल, सुखचंद बोपचे, चमनलाल हरदे, ओमप्रकाश सनोदिया उमेश ककोड़या बाबूलाल सिंगारे ,दशरथ डहेरिया,

# पांच की रसीद, 20 रूपये की वसूली नगर पालिका सिवनी का अजीबोगरीब कारनामा

**नगर पालिका के द्वारा बाजार नीलामी की गई ठेकेदारों ने नीलामी में बाजार ली जिसका एक निर्धारित शुल्क दुकानदारों से लेने के लिए आवंटन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




लेकिन इन दिनों नगर पालिका सिवनी के ठेकेदारों के द्वारा हाथ ठेला व्यापारियों से अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है सूत्रों की माने तो इन ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा 5 की रसीद काटकर दी जाती है और बदले में प्रत्येक दुकानदार से 20 लिया जाता है प्रश्न यह उठता है कि आखिर रसीद 5 की और दुकानदारों से 20 लेना कितना उचित है इसकी जानकारी ठेकेदार को है या नहीं इसकी जानकारी नगर पालिका के आल्हा अधिकारियों को है या नहीं यह हमें नहीं मालूम लेकिन दुकानदार के द्वारा अत्यधिक शुल्क वसूली की जाना यह गलत है यदि नगर पालिका के द्वारा प्रत्येक दुकानदार से 20 का शुल्क लिया जाना है तो रसीद भी 20 की देनी चाहिए यहां संबंधित अधिकारियों को इस पर कार्रवाई करना चाहिए।

### इनका कहना है

जिला चिकित्सालय के सामने हाथ ठेला व्यवसाय करने वाले मुकेश सेन ने बताया कि प्रतिदिन नगर पालिका शिवनी के ठेकेदारों के द्वारा रुपए 5 की रसीद काट के दी जाती है और बदले में 20 ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा हमसे लिया जाता है।

**मुकेश सेन हाथ ठेला संचालक, सिवनी**

## सुदूर आदिवासी अंचल वाले घंसौर विकासखंड पहुंचकर कलेक्टर एवं एसपी ने की जनसुनवाई



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिलें के सुदूर आदिवासी अंचल वाले घंसौर विकासखंड के आवेदकों की समस्या को सुनने कलेक्टर सु संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता मंगलवार 01 जुलाई को जनपद घंसौर में आयोजित हुईं विकासखण्डस्तरीय जनसुनवाई पहुँचे। कलेक्टर सु जैन एवं पुलिस अधीक्षक मेहता की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई में कुल 143 आवेदकों ने अपनी समस्या से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। कलेक्टर एवं एसपी ने प्रत्येक आवेदक को आत्मीयता से सुनकर नियमानुसार निराकरण के हर संभव आवेदन पर कलेक्टर सु जैन एवं एसपी मेहता ने सम्बंधित विभागीय अधिकारी को त्वरित आवश्यक कार्यवाही कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिये।

# नंदौरा सोसायटी के गठन पर उठे सवाल किसानों में नाराजगी, आंदोलन की चेतावनी

**एनएच–44 मार्ग पर स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी समिति गोपालगंज के प्रबंधक द्वारा नंदौरा सोसायटी का पुनर्गठन और नई समिति की गोपालगंज कार्यालय भवन में बिना पूर्व सूचना विशेषकर ग्रामों में मुनादी कर चार व्यक्तियों की मौजूदगी में 'बंद कमरे' में होने पर किसानों ने तीखा विरोध जताया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




किसानों का आरोप है कि समिति के पत्र क्रमांक 288 आ/न/2025 (17 अप्रैल 2025) के तहत नंदौरा,जमुनिया,बाघराज, डोगरखेड़ी, सुनवारा , सुकबाहा, समेत खेरटोला छह ग्रामों के किसानों की अनिवार्य उपस्थिति के बावजूद उन्हें न तो बैठक की पूर्व सूचना दी गई और न ही कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई गई। गठन प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव सभी हितग्राही किसानों को सभा में शामिल न करना, बिना आम सहमति नए अध्यक्ष और समिति का चयन, बंद कमरे में निर्णय लेने की कार्यप्रणाली समिति प्रबंधक पर लगाए आरोप किसानों का कहना है कि गोपालगंज समिति के प्रबंधक ने बंद कमरे में केवल अपने परिचित चार व्यक्तियों के माध्यम से समिति का गठन किया, जो निंदनीय और असंवैधानिक है। व्यवस्थित प्रक्रिया का पालन न कर किसान हित बिगाड़ने का प्रयास माना जा रहा है।

### किसानों की मांगें

1. तत्काल प्रभाव से वर्तमान समिति अध्यक्ष सहित संपूर्ण समिति को भंग किया जाए। 2. पुनः समिति गठन के लिए सभी छह ग्रामों के किसानों को बैठक पूर्व सूचना कोतवार के माध्यम से मुनादी द्वारा उपलब्ध कराई जाए। 3. नई समिति का गठन पारदर्शी, समावेशी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से किया जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे शांतिपूर्ण आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी गोपालगंज समिति प्रबंधक और संचालक मंडल की होगी।

## श्री नेमि नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूम धाम से मनाया गया



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर मे महासमाधि धारपरम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 2 जुलाई को प्रातः काल की बेला में श्री नेमि नाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर श्री नेमि नाथ भगवान की प्राचीन विशाल प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक ,शांतिधारा की गई एवं निर्वाण लाडू अर्पण किया गया । इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि आज की तिथि में प्रभु ने स्वतंत्रता प्राप्त कर ली थी स्वतंत्रता हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, चातुर्मास में जीवों की उत्पत्ति अधिक मात्रा मे होती है जीवो की रक्षा के लिये साधु संत एक जगह रहकर साधना करते है ।

# इधर भी, मेहरापिपरिया में किसानों ने किया चक्काजाम प्रशासन की समझाइश और आश्वासन के बाद हटा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कान्हीवाड़ा।

जिले के कान्हीवाडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेहरापिपरिया के सैकडों किसानो से 02 जुलाई की सुबह चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। दरअसल उक्त किसानों के खेत मेहरापिपरिया और लुंगसा गॉवों में स्थित हैं।

उक्त किसानों का आरोप है कि उनके खेतों तक जाने के लिए रास्ता नहीं है।उक्त किसानों के आने-जाने के मार्ग परमेहरापिरिया निवासी यशवंत चौधरी द्वारा अवैध कब्जा कर



कॉलम खडे कर मार्ग बंद कर दिया गया है।उक्त अतिक्रमणकारियों अवैध कब्जेधारियों के खिलाफ आक्रोशित किसानों ने जिम्मेदारों से कई बार आवेदन-निवेदन किया किन्तु समस्या के निराकरण ना होने की स्थिति में मजबूर होकर बुधवार सुबह से दोपहर तक किसानों ने कान्हीवाडा-बरघाट मार्ग को बंद कर दिया। जिसके बाद तहसीलदार,थाना प्रभारी सहित प्रशासनिक अमला ,पुलिस बल मौके पर पहुंचा और प्रदर्शनकारियों को समझाया,कब्जे हटाने के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम खोला।



## राजस्व न्यायालयों का कलेक्टर सु जैन ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज सिवनी।कलेक्टर सु संस्कृति जैन ने अपने घंसौर प्रवास के दौरान अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय घंसौर पहुंचकर एसडीएम कोर्ट, तहसीलदार कोर्ट एवं नायब तहसीलदार राजस्व न्यायायल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक न्यायालय में लंबित प्रकरणों, दस्तावेज संधारण की स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने न्यायालय द्वारा जारी आदेशों का पालन कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने सीमांकन, अभिलेख दुरूस्तीकरण, अविवादित बटवारे जैसे सभी प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश सभी उपस्थित राजस्व अधिकारियों को दिये हैं। इस अवसर पर कलेक्टर सु जैन ने एसडीएम कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

## राजीव गांधी स्टेडियम में हुआ भूमि पूजन

# अच्छी खबर: बरघाट नगर को मिली क्रिकेट टर्फ विकेट की सौगात

**बरघाट** - बरघाट नगर के लिए यह ऐतिहासिक क्षण रहा जब नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू एवं नगर परिषद बरघाट द्वारा पूर्व में किए गए वादे को निभाते हुए राजीव गांधी स्टेडियम में क्रिकेट टर्फ विकेट के निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न किया गया।

दो वर्ष पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू ने बरघाट नगर को टर्फ विकेट की सौगात देने का वादा किया था, जिसे अब मूर्त रूप देते हुए 30 जून को भूमि पूजन किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू ने कहा ₹जैसा वादा किया था, वैसा ही निभाया है। जिले के खिलाड़ियों के लिए टर्फ विकेट ग्राउंड का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। निश्चित ही यह खिलाड़ियों



की मांग पर लिया गया निर्णय है। मेरी कामना है कि चंद्रकांत साकुरे जैसे खिलाड़ी इस ग्राउंड से निकलकर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करें।₹ श्रीमती साहू ने कहा कि खेल मंत्री विश्वास सारंग से मैने मुलाकात कर बरघाट स्टेडियम के सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा की और उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही आपकी मांग को पूरा किया जाएगा, तो आगामी समय में हम इस स्टेडियम का सौंदयीकरण करके भव्य स्टेडियम के रूप में नगर को समर्पित करेंगे।

कार्यक्रम में पार्षद अभिलाष मालवीय ने कहा कि टर्फ विकेट बन जाने से खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास सुविधा मिलेगी, जिससे वे उच्च स्तरीय क्रिकेट में कदम रख सकें।

पंचशील क्लब के खिलाड़ी राजा खान ने कहा, ₹हमारी वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि नगर परिषद ने खिलाड़ियों की मांग को प्राथमिकता दी।₹

मध्यप्रदेश रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी चंद्रकांत साकुरे ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ₹टर्फ विकेट से खिलाड़ियों को बेहतर मौका मिलेगा। जब मैंने क्रिकेट शुरू किया था तब ऐसी सुविधाएं नहीं थीं, लेकिन अब युवाओं के पास बेहतरीन अवसर होंगे। जुनून और मेहनत से वे ऊंचाइयों को छू सकेंगे।₹

इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती ममता पाठक, पार्षदगण अभिलाष मालवीय, असंत उईके, पूर्व पार्षद ऋषभ जायसवाल, अनिल पाठक, देवेंद्र ठाकुर यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष सिवनी, राज क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर, विकास जैन (सिविल हॉस्पिटल सांसद प्रतिनिधि), अंशुल रहांगडाले युवा मोर्चा अध्यक्ष, जितेंद्र कुशवाहा ,राजस्व विभाग से श्याम कुमार अवस्थी व नंदकिशोर मसराम, स्पीड क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी एवं नगर परिषद के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एम.एस.(गणित, भौतिक,रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईनप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-डी इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्कैन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जांच सुविधा)
जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

### मौका स्थल पर पहुंचा वन अमला, मामला वन विकास निगम परिक्षेत्र लालबर्रा का

# बंजारी के पास सागौन से भरी पिकअप पलटी, 4 तस्कर जंगल में भागे

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

मंगलवार की सुबह बालाघाट सिवनी मार्ग पर स्थित कंजई घाटी मजार और बंजारी के बीच सागौन के लठठो से भरी पिकअप पलटी देखी गई घटना की सूचना मिलते ही वन विकास निगम का अमला और मीडिया टीम मौका स्थल पर पहुंची तो देखा सागौन से भरी पिकअप पलटी दिखाई दी। पिकअप वाहन का नंबर एम. एच. 40 - 2371 और पिकअप वाहन का ड्राइवर फरार बताया गया। बताया जा रहा है कि वन परिक्षेत्र में अवैध कटाई जोरो पर है और वन माफिया रात भर जंगलो मे सक्रिय रहते हैं और इमारती लकड़ी और सागौन की अवैध कटाई कर बेखौफ होकर उसका परिवहन करते हैं। यह खेल न जाने कितने वर्षों से चल रहा है लेकिन वन विभाग अनजान है.



गस्ती के अभाव में वन अपराध घटित हो रहे हैं पर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं और अपना कर्तव्य नहीं निभा रहे हैं उक्त मामले पर जब वन विकास निगम के लालबर्रा परिक्षेत्र अधिकारी विजय कुमार कुमरे से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि अवैध सागौन की कटाई की हमें सूचना मिली रही थी और हम तीन-चार दिनों से लगातार गस्ती में थे सूचना मिली कि बंजारी मोड़ पर एक सागौन से भरी पिकअप पलटी हुई है वन विभाग द्वारा पिकअप को जेसीबी मशीन से निकला गया और पंचनामा



कार्रवाई कर मेरे द्वारा नागपुर के आरटीओ से वाहन की जानकारी ली गई पर आरटीओ द्वारा नंबर को फर्जी बताया गया, चेचिस नंबर से मालिक का नाम क्लियर हो जाएगा हमने उच्च अधिकारियों को वाहन राज साज कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया है अधिक मोटाई के आठ नग सागौन के लट्ठे 1.45 घन मीटर जप्त किया गया है जो सिवनी की ओर से आ रहे थे मिडिया नें परिक्षेत्र अधिकारी से सवाल पूछा कि यह अवैध सागौन कहां जा रहा था क्षेत्र अधिकारी ने बताया कि यह माल लालबर्रा में खप रहा है कहां खप रहा है यह जानकारी अभी नहीं है लेकिन आने वाले दिनों में प्रयास रहेगा कि इसका खुलासा किया जा सकता है पिकअप वाहन में चार लोग सवार थे ज़ो मौके से फरार हो गये थे वाहन मालिक कौन है अभी इसकी जानकारी हमें नहीं है बाकी जल्दी ही वाहन मालिक की जानकारी आपसे साझा कर दी जाएगी।

## सभी अस्पतालों में एंटी स्नैक वेनम पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रखने के निर्देश

**बालाघाट।** वर्षा के दिनों में सर्पदंश की अधिक घटनायें होती है। सांप के काटने पर व्यक्ति को त्वरित उपचार मिल जाये तो उसकी जान बचायी जा सकती है। सभी अस्पतालों में एंटी स्नैक वेनम पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रखने के निर्देश वर्षा के दिनों में सर्पदंश की अधिक घटनायें होती है।

सांप के काटने पर व्यक्ति को त्वरित उपचार मिल जाये तो उसकी जान बचायी जा सकती है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं बड़े स्थानों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी स्नेक वेनम पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रखें। जिससे जरूरत के समय में सर्पदंश से पीड़ति व्यक्ति को एंटी स्नेक वेनम लगाकर उसकी जान बचायी जा सके। कलेक्टर श्री मीणा ने जिले की जनता से अपील की है कि सर्पदंश की घटना पर होने पर मरीज को तत्काल पास के अस्पताल लाने का प्रयास करें। सांप के काटने पर झाड़-फूंक एवं तंत्र-मंत्र के चक्कर में न आये। इससे मरीज की जान को खतरा हो सकता है। झाड़-फूंक एवं तंत्र-मंत्र से सांप के काटने का ईलाज नहीं होता है। सांप के काटने पर मरीज को बगैर देरी किये शीघ्रता से अस्पताल पहुंचायें। जिससे उसे एंटी स्नेक वेनम लगाया जा सके। सांप के काटने पर मरीज को समय पर एंटी स्नेक वेनम लगाने पर उसकी जान बचायी जा सकती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं बड़े स्थानों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है।

## रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्राली से टकरा कर युवक की मौत

### वारासिवनी से ससुराल साकड़ी जा रहा था युवक

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी अनुविभाग अंतर्गत ग्राम साकड़ी में रेत से भरे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार धानीटोला निवासी युवक अनिल बरले की मौके पर ही मौत हो गई। घटना मंगलवार 1 जुलाई की शाम करीब 6 बजे की हैं। जब ग्राम साकड़ी की बैनगंगा नदी से ट्रैक्टर क्रमांक एम पी 50 ए 7992 रेत भरकर तेज रफ्तार से आ रहा था। इसी दौरान बाइक क्रमांक एम पी 50 एम डब्ल्यू 1518 से साकड़ी गाँव आ रहे बाइक सवार अनिल बरले 30 वर्ष को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। लेकिन उसके बावजूद परिजनों द्वारा उसे जिला चिकित्सालय बालाघाट ले जाया गया। जहॉ पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**अवैध रूप से रेत का हो रहा था परिवहनः** विदित हो कि कलेक्टर बालाघाट द्वारा नदियों से 30 जून से 30 सितम्बर 25 तक रेत के खनन व परिवहन पर प्रतिबंध लगा दिया गया हैं। लेकिन दुर्घटना कारित करने वाला ट्रैक्टर बावनथड़ी नदी से रेत भरकर ला रहा था। यह ट्रैक्टर ग्राम डोंगरमाली निवासी दीपक लल्ला मसखरे का हैं। जिसने ग्राम डोंगरमाली निवासी राकेश बिसेन से ट्रैक्टर खरीदा था और इस ट्रैक्टर से ही साकड़ी गाँव स्थित नदी से अवैध रूप से रेत निकालने का कार्य कर रहा था और रेत का परिवहन करने के दौरान ही उक्त दुर्घटना घटित हुई हैं। घटना के बाद ट्राली पलटने से रेत सडक़ पर बिखर गई थी, जिससे आवागमन प्रभावित हो गया था, जिसे मौके पर पहुॅची रामपायली पुलिस ने सडक़ से हटवाकर आवागमन प्रारंभ करवाया।

## केवाटोला में दो दिवसीय हनुमान जी प्राण प्रतिष्ठा समारोह कल से

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा ।

लालबर्रा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कंजई व धारावासी के अंतर्गत आने वाले ग्राम केवाटोला में ४ जुलाई से दो दिवसीय हनुमान जी प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए हनुमान मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि जनसहयोग से केवाटोला में नये हनुमान मंदिर का निर्माण किया गया है और निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। मंदिर समिति की बैठक में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके तहत प्रथम दिवस 4 जुलाई को प्रातः 8.30 बजे शोभायात्रा निकाली जायेगी एवं दोपहर 1.30 बजे से पूजन-अभिषेक



कार्यक्रम आयोजित होगा। 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक विधिविधान से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पश्चात महाप्रसाद वितरण कर शाम 5 बजे कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। मंदिर समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों व ग्रामीणजनों ने इस पावन पुनित धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्रीयजनों से उपस्थिति की अपील की है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान समापन के तहत ,भूमि पूजन विधायक ने लाखों रुपए का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

करियादंड भूताहा टोला में मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी किरनापुर, अध्यक्षता राणा कल्याण सिंह ,अध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर,विशेष अतिथि भुवन भाऊ रहांगडाले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर,सुश्री डाली कावरे जिला पंचायत सदस्य, योगराज भास्कर निर्माण सभापति जनपद पंचायत किरनापुर ,श्रीमती उर्मिला/ दिलीप पन्द्रे जनपद सदस्य, असीम चौहान जनपद सदस्य, प्रकाश बाहे अध्यक्ष सरपंच संघ किरनापुर ,भीकू राम मात्रे भाजपा मंडल अध्यक्ष माटे ,की उपस्थिति में सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप



प्रज्ज्वलित किया गया। उपरांत लोकार्पण जहां आंगनबाड़ी भवन ग्राम पंचायत खपरा झड़ी में, करियादंड़ में शांति धाम सौंदरीकरण। भूमि पूजन नेवरगांव खुर्द में आंगनबाड़ी भवन ,करिया दंड में नाला में स्टाफ डैम निर्माण कार्य, ग्राम करिया दंड में शिव मंदिर के पास सभा मंच व ग्राम भुताहा टोला में हाई मार्क्स लाइट जिला पंचायत मद से यह कार्यक्रम किया गया ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी जल संवर्धन श्रीमती दिनेश तिवारी मैडम एवं भलावी मैडम, जनपद पंचायत के सीईओ मनीष शेण्डे व सरपंच श्रीमती सरोजिनी पाचे ,उपसरपंच व पंचगण, सचिव अर्जुन बाहे, रोजगार सहायक देवेंद्र रंहांगडाले की उपस्थिति सराहनीय रही।

### खबर संक्षेप

#### वर्षा ऋतु में आम जन की सुरक्षा को देखते हुए एसडीएम ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

**बालाघाट।** वर्षा ऋतु में बाढ़, पानी में डूबने या बहने या भू-स्खलन होने जैसी दुर्घटनाओं में जन हानि की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए बालाघाट एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने पर 01 जुलाई से बालाघाट राजस्व अनुभाग में झरने एवं पानी के उफान वाले स्थलों, तालाब के किनारे पर आम जनों का जाना प्रतिबंधित रहेगा। कोई व्यक्ति भी नदी, नालों में बाढ़ की स्थिति में बाढ़ स्थल के 100 मीटर के दायरे में प्रवेश नहीं करेगा। इसी प्रकार पहाड़ी स्थलों पर जहां भू-स्खलन या जमीन धसकने की संभावना हो, उसके 100 मीटर के दायरे में आमजन का प्रवेश वर्जित रहेगा। जन सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी व्यक्ति के नदी, नाले, झरने, तालाब आदि में नहाने पर प्रतिबंध लगाया गया है । इस आदेश का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

#### ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन के लिये 5 जुलाई किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि

**बालाघाट।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार द्वारा जिले में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 19 जून से प्रारंभ हो गई है। किसान 5 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के विक्रय के लिये अपना पंजीयन करा सकेंगे। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा रबी वर्ष 2025 में मूंग का समर्थन मूल्य 8 हजार 682 रुपये प्रति क्विंटल एवं उड़द का समर्थन मूल्य 7 हजार 400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। बालाघाट जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के रकबे के आधार पर कुल 13 पंजीयन केंद्र बनाये गये हैं।

## हट्टा में पांच किसानों को किया गया रागी मिनीकिट का वितरण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

श्री अन्न उत्पादन योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले में रागी के उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है इसके लिए किसानों को निशुल्क रागी बीज मिनीकिट का वितरण किया जा रहा है । जिसमें 1 जुलाई को बालाघाट विकासखंड के ग्राम हट्टा में जनपद सदस्य रंजना वैद्य, एसएडीओ प्रतिभा टेंभरे, कृषि विस्तार अधिकारी लालिमा गजभिए की उपस्थिति में पांच किसानों को निशुल्क रागी मिनी किट का वितरण किया गया जो नवाचार के रूप में रागी लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया इस दौरान रागी के महत्व के बारे में भी चर्चा की गई बताया गया कि किसान रागी की फसल लेकर धान की तुलना में अधिक लाभ कमा सकते हैं रागी का उत्पादन खरीफ एवं रबी दोनों सीजन में किया जा सकता है।

### बच्चों की मुस्कान मेरी सबसे बडी पूंजी-गुप्ता

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका ने विद्यार्थियों को वितरित किये स्कूली बैग

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर शासकीय प्राथमिक शाला ईमलीटेकरा हीरापुर संकुल भरवेली, जिला बालाघाट की प्रभारी प्रधान पाठिका सुश्री मंजुला गुप्ता ने 30 जून को अपनी सेवानिवृत्ति अवसर पर एक सामाजिक व भावनात्मक संदेश देते हुए स्कूल के सभी विद्यार्थियों को अपनी ओर से निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किये। सेवानिवृत्ति के दिन विद्यालय में ऐसा दृश्य रहा जो सभी के लिये अविस्मरणीय बन गया। पूरे वातावरण में भावनाओं का संचार था। जहां एक ओर उनके सेवा समापन की भावुकता थी, वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा विद्यार्थियों को दिये गये तोहफे ने सभी के मन को छू लिया। विद्यालय में आयोजित साधारण परन्तु स्नेहील समारोह में विद्यार्थियो, शिक्षकों, पालकों ग्रामवासियों एवं अन्य की उपस्थिति रही। बच्चों ने भी शिक्षिका को फूल माला भेंट कर बिदाई देते हुए उनका अभिवादन किया।



इस अवसर पर शिक्षिका सुश्री गुप्ता ने कहा विद्यालय मेरा दूसरा घर रहा। इन बच्चों के साथ बिताया हर दिन मेरे जीवन का सबसे किमती हिस्सा है। मैं चाहती हूँ कि ये बच्चे आगे बढे, शिक्षित हो, आत्मनिर्भर बने और एक बेहतर समाज की नींव रखे। मेरा छोटा सा प्रयास स्कूल बैग वितरण केवल एक सामग्री नहीं बल्कि इन बच्चों की पढाई के प्रति मेरी शुभकामनाओं का प्रतीक है। मेरी सेवायात्रा पूरी हुई लेकिन इन बच्चों के लिये मेरा आशीर्वाद हमेशा जारी रहेगा। इस भावुक वक्तव्य के दौरान उपस्थित शिक्षक शिक्षिका अभिभावक भी भावुक हो उठे। उन्होंने अपने सेवा काल में विद्यार्थी हित को सर्वोपरी रखा। चाहे कोविट काल रहा हो या सामान्य शैक्षणिक समय उन्होने हमेशा बच्चों की पढाई और जरूरतों को प्राथमिकता दी। विद्यालय को उन्होने अनुशासन, साजसज्जा, शिक्षा गुणवत्ता के क्षेत्र में एक मिसाल के रूप में स्थापित किया।

## कल प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को वितरित करेंगे लैपटॉप

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 4 जुलाई को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप वितरित करेंगे। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे। इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि दी जा रही है। कार्यक्रम में प्रदेश के 500 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सहभागिता करेंगे। प्रदेश में पिछले वर्ष 2023-24 में 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये की राशि अंतरित की गयी थी। प्रदेश में यह योजना वर्ष 2009-10 से संचालित हो रही है। पिछले 15 वर्षों में इस योजना में 4 लाख 32 हजार 16 विद्यार्थियों के बैंक खातों में एक हजार 80 करोड़ 4 लाख रुपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप के लिये अंतरित की जा चुकी है।

### कल नगर परिषद में होगा विशेष सम्मेलन

# पर्दे के पीछे कौन साधना चाह रहा अपना स्वार्थ...?

### अध्यक्ष की अध्यक्षता में होगा सम्मेलन, 10 प्रमुख विषयों पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

नगर परिषद कटंगी में शुक्रवार 04 जुलाई की शाम 04 बजे परिषद का विशेष सम्मेलन होना तय किया गया है. मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधेश्याम चौधरी के मुताबिक अध्यक्ष के कहने पर ही यह सम्मेलन बुलवाया जा रहा है. सीएमओ ने बकायदा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों और सांसद प्रतिनिधि को 02 जुलाई के दिन विशेष सम्मेलन में शामिल होने के लिए पत्राचार किया है. अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों को यह पत्र भी मिल चुका है. विशेष सम्मेलन का यह पत्र जैसे ही पार्षदों को मिला सकपका गए है. दरअसल नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर करीब 06 माह से अस्वस्थ्य चल रहे है उनकी हालत में सुधार जरूर हुआ है लेकिन शारीरिक रूप से वह आज भी कमजोर है. बुधवार को इस पत्र के सामने आने के बाद हमने अध्यक्ष से उनके घर पहुंचकर मुलाकात की. वह लड़खड़ाती जुबान से बात कर रहे थे. उनकी पत्नी ने बताया कि सम्मेलन का पत्र मिला है. योगेंद्र ठाकुर के अस्वस्थ्य होने के कारण हमने उनसे सम्मेलन के विषय में बहुत अधिक चर्चा नहीं की. क्योंकि वह मस्तिष्क आघात जैसी गंभीर बीमारी से जूझने के बाद अब पहले से बेहतर स्थिति में आए है जिसे सामान्य स्थिति भी नहीं माना जा सकता. विशेष सम्मेलन में 10 विषयों पर चर्चा होनी है लेकिन सबसे खास विषय अध्यक्ष के स्वास्थ्य संबंधी और धारा 48 पर विचार और निर्णय का है. दरअसल, यह विषय पार्षदों के द्वारा करीब दो माह पूर्व एजेंडे में तब लिया गया था जब अध्यक्ष अस्वस्थ थे और परिषद बैठक लेकर निर्णय करना चाह रही थी लेकिन 04 जुलाई को अध्यक्ष स्वयं बैठक में शामिल हो रहे है तब यह विषय समझ से परे है. करीब 07 माह से नगर परिषद में बैठक नहीं हुई और अब अध्यक्ष की अध्यक्षता में विशेष सम्मेलन बुलाया गया है. बहरहाल, देखना यह होगा कि इस सम्मेलन में अध्यक्ष अपने पद पर बने रहते है या फिर वह सम्मेलन के दिन अपने पद से इस्तीफा देते है।




जानकार बताते है कि विशेष सम्मेलन में अगर परिषद के पार्षद बहुमत के साथ अध्यक्ष के अवकाश को मंजूरी देते है तो योगेन्द्र ठाकुर आगे भी परिषद के अध्यक्ष बने रह सकते है लेकिन पार्षदों की मंजूरी नहीं मिली तो अध्यक्ष पद के लिए फिर से चुनाव होना लगभग तय है. बता दें कि 07 जनवरी 2025 से अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर अस्वस्थ्य चल रहे है जिस कारण परिषद के तमाम कामकाज प्रभावित हो रहे है. पीआईसी की बैठक तक नहीं हो पा रही है. अध्यक्ष की गैरमौजूदगी में उपाध्यक्ष धर्मकला देशमुख को भी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी नहीं दी गई. चर्चा रही है कि विधायक गौरव सिंह पारधी उपाध्यक्ष के पति कामराज देशमुख को पसंद नहीं करते थे जिस कारण उन्होंने अध्यक्ष के अस्वस्थ्य होने के बाद भी उपाध्यक्ष को अध्यक्ष की जिम्मेदारी नहीं मिलने दी. अब चर्चा है कि विधायक उपाध्यक्ष को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिल जाए. इसी फिराक में है किंतु अब उन्हीं की पार्टी के पार्षद उपाध्यक्ष को अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिले इस पर राजी नहीं हो रहे है. सूत्रों की माने तो 04 जुलाई को आयोजित होने वाला विशेष सम्मेलन पार्षदों को भावनात्मक रूप से अध्यक्ष के लिए अवकाश को मंजूरी दिए जाने के मकसद से कराया जा रहा है ताकि अध्यक्ष के अवकाश की स्थिति में उपाध्यक्ष को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिलाई जा सके. सवाल यह भी है कि इस विशेष सम्मेलन के आयोजन के पीछे पर्दे से कौन अपना स्वार्थ साधने की कोशिश में है..?

## कुएं में उतरने से पहले जहरीली गैस की जांच अवश्य कर लें

**बालाघाट।** फसलों की सिंचाई के लिए मोटर पंप को कुएं में कुएं में नीचे तक उतारने, मोटर पंप को सुधारने या अन्य कारणों से किसानों को कुएं में उतरना पड़ता है। ऐसी स्थिति में कई बार दुर्घटना हो जाती है और कुएं में उतरने वाले व्यक्ति की आक्सीजन की कमी से दम घुटने के कारण मृत्यु हो जाती है। बालाघाट जिले में विगत वर्षों में ऐसी अनेक घटनायें हो चुकी हैं, जिनमें जनहानि हुई है। इन्ही तथ्यों को ध्यान में रख कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने जिले के किसानों, ग्रामीणों एवं आमजन से अपील की है कि यदि किन्ही कारणों से कुएं में उतरना जरूरी हो तो कुएं में उतरने से पहले उसमें जहरीली गैस की जांच अवश्य कर लें। जांच के बाद जब संतुष्ट हो जायें कि कुएं में जहरीली गैस नहीं है और उतरना पूरी तरह से सुरक्षित है तभी कुएं में उतरें।

खेतों एवं अन्य स्थानों पर सीमेंट-कांक्रीट से बने हुए कुएं हैं । ऐसे कुओं में गोबर, पेड़ों की पत्तियां या अन्य जैविक पदार्थों के विघटन से पानी की सतह के ऊपर जहरीली गैस कार्बन डाय आक्साईड, कार्बन मोनो आक्साईड, हाईड्रोजन सल्फाईड, अमोनिया, नाईट्रोजन डाय आक्साईड बन जाती है। इन गैसों के कारण कुएं में आक्सीजन की कमी हो जाती है और जब कोई व्यक्ति कुएं में बगैर सावधानी के उतरता है तो दम घुटने से उसकी मृत्यु हो जाती है। अतः जब भी किसी व्यक्ति को कुएं में उतरना बहुत जरूरी हो तो इन गैसों की कुएं में मौजूदगी की जांच अवश्य कर लें।

कुएं में जहरीली गैस की जांच के लिए आसान उपाय अपनाये जा सकते हैं। इसके लिए जलता हुआ दिया रस्सी के सहारे कुएं के पानी की सतह ले जायें। यदि दिया पानी की सतह के पास जाकर बुझ जाता है तो समझ लें कि कुएं में जानलेवा जहरीली गैस मौजूद है। कुएं से जहरीली गैस को बाहर निकालने के लिए एक छाते को फैलाकर उसे रस्सी के सहारे उल्टा पानी की सतह तक ले जायें और अंदर की हवा को छाते से बार-बार ऊपर की ओर खींचे। बार-बार ऐसा करने से कुएं के भीतर मौजूद जहरीली गैस बाहर निकल जायेगी। उल्टे छाते से जहरीली गैस को बाहर निकालने के बाद एक बार फिर से जलता हुआ दिया रस्सी के सहारे पानी की सतह तक ले जायें। यदि दिया पानी की सतह के पास जाकर बुझता नहीं है और अच्छे से जलता रहता है तो समझ जायें कि कुएं में जहरीली गैस मौजूद नहीं है। कुएं से जहरीली गैस को बाहर निकालने के लिए ऊपर से पानी का छिड़काव भी किया जा सकता है।

